Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding closure of Nankari village road passing through IIT Kanpur in Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): महोदया, मैं आपके माध्यम से पूरे देश के गौरव आई.आई.टी. कानपुर के सम्बन्ध में अवगत कराना चाहता हूँ। कानपुर आई.आई.टी. की स्थापना वर्ष 1962 में हुई थी। जिन लोगों ने वहाँ अपनी जमीन दी थी, वे लगातार उस जमीन का प्रयोग आवागमन के रूप में करते रहे थे। विगत कई वर्ष पूर्व एक बार संस्थान ने उस मार्ग को बंद करने का प्रयास किया तो इस सम्बन्ध में वहाँ के तत्कालीन डायरेक्टर से मिलकर ऐसा न करने के लिए एक लिखित समझौता हुआ। इस लिखित समझौते के बाद विगत दो वर्ष पहले एक बार पुन: ऐसा ही प्रयास हुआ। हमारी मंत्री माननीया स्मृति ईरानी जी के नेतृत्व में एक टीम गई और जाँच करके उस रास्ते को पुन: खोला गया। वह कानपुर महानगर का एक वार्ड है। वहाँ से हमारे पार्षद भी हैं। वहाँ के एक्टिंग डायरेक्टर श्री मणीन्द्र अग्रवाल के द्वारा पुन: उस मार्ग को बंद करने का कुत्सित प्रयास किया गया है।

मेरा निवेदन है कि नये डायरेक्टर की वहाँ नियुक्ति हो गई है, पुन: भारत सरकार के माननीय मंत्री जी उन्हें निर्देशित करें और वहाँ एक टीम भेजें। वहाँ की लगभग एक लाख की आबादी इससे प्रभावित होती है। उनके लिए आवागमन का अन्य कोई रास्ता नहीं है। इससे लगातार जनाक्रोश फैल रहा है। वहाँ कोई असहज स्थिति उत्पन्न न हो, इसलिए मेरा निवेदन है कि आप इसका संज्ञान लेने की कृपा करेंगी। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैंरो प्रसाद मिश्रा को श्री देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।